जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2021/ मेडीकल 86

दिनांक : 16-2-21

// अत्यावश्यक-पत्र //

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :- B.SC. (NURSING) IIIrd & IVth YEAR PRACTICAL EXAM JUNE, 2020 हेतु प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराकर प्रायोगिक अंक ऑनलाइन अपडेट कर अपडेटेड अंको की सूची अनिवार्य रूप से एम.पी. ऑनलाइन के जी2जी पोर्टल पर से दिनांक 25-2-21 तक ऑनलाइन अपडेट करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि माननीय कुलपति महोदया के निर्देशानुसार विश्वविद्यालयीन B.SC. (NURSING) IIIrd & IVth YEAR PRACTICAL EXAM JUNE, 2020 की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों पर बाह्य परीक्षकों के नाम संबंधी पत्र विश्वविद्यालय द्वारा भेजे जा चुके है।

यदि किसी कारणवश संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र को बाह्य् परीक्षक की नियुक्ति का पत्र प्राप्त नही होता है तो विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र का प्रतिनिधि वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष (महाविद्यालय के प्राचार्य) का अथोरिटी लेटर प्रदान कर नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सकता है।

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों (प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र) को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र पर सम्मिलित होने वाले महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपने महाविद्यालय के कम्प्यूटर पर ऑन लाइन अंकित करा कर अंकित किये गये अंकों की सूची को प्रिंट आउट लेकर प्राप्त सूची पर बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष (प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र) के हस्ताक्षर कर अंकों की हार्ड कॉपी दिनांक 25-2-21 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करावें। जिससे कि छात्रों के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किए जा सकें। प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की हार्ड कॉपी पर बाह्य परीक्षक का मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी भी अनिवार्य रूप से अंकित की जावे। यदि अंकों की हार्ड कापी पर बाह्य परीक्षक का मोबाइल नम्बर अंकित नहीं होगा तो प्रायोगिक अंकों की हार्ड सूची को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

प्रायोगिक परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन अपडेट करने हेतु जिन महाविद्यालयों के परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं उन महाविद्यालयों के कम्प्यूटर ऑपरेटर आपके महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक अंकों को ऑनलाइन अपडेट करेंगे।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग की अपेक्षा के साथ।

भ व दी य

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. सहा./उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. श्री संजय बरथरिया एमपी ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

सहा./उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप.)
16-2-21